# पंडाल की भीड़ में फंसीं जैकलीन

**जैकलीन** फर्नांडीज और अवनीत कौर गणेश चतुर्थी के पहले दिन मुंबई के प्रसिद्ध लालबागचा राजा पंडाल में पूजा-अर्चना करने गईं. हालांकि, बाहर निकलते समय उन्हें भारी भीड़ का सामना करना पड़ा और वे अफरा-तफरी में फंस गईं. इस घटना का एक वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. वरिंदर चावला के शेयर किए गए वीडियो में, जैकलीन और अवनीत अपने दोस्त राघव शर्मा के साथ पंडाल से बाहर निकलती हुई दिखाई दे रही हैं.


हालांकि, वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि राघव अवनीत कौर के लिए कितने ज्यादा प्रोटेक्टिव हैं. वो उन्हें एक पल के लिए भी छोड़ नहीं रहे हैं. और अपने हाथों का घेरा बनाकर बस उन्हें प्रोटेक्ट कर रहे हैं. पीछे वो दोस्त जैकलीन का भी साथ नहीं छोड़ रहे हैं. बता दें कि राघव और अवनीत को लेकर पहले से ही चर्चा थी कि दोनों डेटिंग कर रहे हैं लेकिन इस पर किसी ने चुप्पी नहीं तोड़ी है. हालांकि ये वीडियो अपने आप में काफी कुछ कह रहा है.

सुरक्षाकर्मियों और लोगों की कोशिशों के बावजूद, संकरी गलियों के कारण उनका बाहर निकलना मुश्किल हो गया. भीड़ में अवनीत और राघव थोड़ा घबरा गए, जबकि जैकलीन शांत रहीं और फैंस को देख विनम्रता से मुस्कुराती रहीं.



# ऋषिकेष मुखर्जी ने लोगों को जागरूक किया

**बॉलीवुड** में ऋषिकेष मुखर्जी को एसे फिल्मकार के तौर पर याद किया जाता है जिन्होंने समाज के हर संवेदनशील मसलों पर फिल्म बनाई और लोगों को जागरूक करने की कोशिश की. ऋषिकेष का जन्म 30 सितंबर 1922 को कोलकाता में हुआ था. उन्होंने अपनी स्नातक की शिक्षा कलकत्ता विश्वविद्यालय से पूरी की. इसके बाद कुछ दिनो तक उन्होंने गणित और विज्ञान के अध्यापक के रूप में भी काम किया. चालीस के दशक में ऋषिकेश ने अपने सिने कैरियर की शुरूआत न्यू थियेटर में बतौर कैमरामैन से की.



न्यू थियेटर में उनकी मुलाकात जाने माने फिल्म संपादक सुबोध मित्र से हुयी. उनके साथ रहकर ऋषिकेष ने फिल्म संपादन का काम सीखा.इसके बाद ऋषिकेष फिल्मकार विमल राय के साथ सहायक के तौर पर काम करने लगे. ऋषिकेष ने विमल राय की फिल्म दो बीघा जमीन और देवदास का संपादन भी किया.

बतौर निर्देशक ऋषिकेष ने अपने कैरियर की शुरूआत वर्ष1957 में प्रदर्शित फिल्म 'मुसाफिर' से की. दिलीप कुमार. सुचित्रा सेन और किशोर कुमार जैसे नामचीन सितारो के रहने के बावजूद फिल्म टिकट खिड़की पर असफल साबित हुयी. वर्ष 1959 में ऋषिकेष मुखर्जी को राजकपूर को फिल्म .अनाड़ी. में निर्देशित करने का मौका मिला. फिल्म टिकट खिड़की पर सुपरहिट साबित हुयी और इसके साथ ही बतौर निर्देशक ऋषिकेष फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने में कामयाब हो गये.

वर्ष 1960 में ऋषिकेष की एक और फिल्म 'अनुराधा' प्रदर्शित हुयी. बलराज साहनी और लीला नायडू अभिनीत इस फिल्म की कहानी ऐसी शादी शुदा युवती पर आधारित है जिसका पति उसे छोड़कर अपने आदर्श के निर्वाह के लिये गांव चला जाता है. हालांकि यह फिल्म टिकट खिड़की पर असफल साबित हुयी लेकिन राष्ट्रीय पुरस्कार के साथ ही बर्लिन फिल्म फेस्टिबल में भी इसे सम्मानित किया गया.

वर्ष 1966 में प्रदर्शित फिल्म 'आशीर्वाद' ऋषिकेष मुखर्जी के कैरियर की सर्वाधिक सुपरहिट फिल्म साबित हुयी. इस फिल्म के जरिये ऋषिकेष ने न सिर्फ जातिगत प्रथा और जमीन्दारी प्रथा पर गहरी चोट की बल्कि एक पिता की व्यथा को भी रूपहले पर्दे पर साकार किया. इस फिल्म में अशोक कुमार पर फिल्माया यह गीत ..रेलगाड़ी रेलगाड़ी.. उन दिनो काफी लोकप्रिय हुआ था.

# टीम द राजासाब ने सेट पर मनाई गणेश चतुर्थी

**दक्षिण** भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास की आने वाली फिल्म द राजासाब की टीम ने फिल्म के सेट पर धूमधाम से गणेश चतुर्थी मनायी. फिल्म द राजासाब में रिबेल स्टार प्रभास लीड रोल में हैं.जैसे पूरे देश ने गणपति बप्पा का स्वागत श्रद्धा और जोश से किया, वैसे ही द राजासाब की टीम ने भी बप्पा का जोरदार स्वागत किया.

प्रोडक्शन हाउस ने सोशल मीडिया पर झलकियां शेयर कीं, जिनमें भव्य हवेली सेट के बीचोंबीच सजे-धजे गणपति बप्पा विराजमान नज़र आए. निर्देशक मारुति, कास्ट और क्रू संग पूरी परंपरा से पूजा-अर्चना करते दिखे. एक और दिल छू लेने वाली तस्वीर में पूरी टीम बप्पा संग पोज़ देती नज़र आई और माहौल पूरा त्योहार वाला हो गया. शूटिंग शेड्यूल की भागदौड़ के बावजूद टीम ने बप्पा को गरमजोशी से स्वागत कर खास अंदाज़ में गणेशोत्सव मनाया. मारुति के निर्देशन और पीपल मीडिया फैक्ट्री के प्रोडक्शन में बनी इस फिल्म का संगीत थमन एस. ने दिया है. प्रभास के साथ फिल्म में संजय दत्त, मालविका मोहनन, निधि अग्रवाल और बोमन ईरानी जैसे सितारे भी धमाल मचाने वाले हैं. यह पैन-इंडिया एंटरटेनर तेलुगु, हिन्दी, तमिल, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज़ होगी.





## कुली के 15वें दिन का कलेक्शन

रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'कुली' ने अपने 15वें दिन लगभग 0.29 करोड़ रुपये का बिजनेस किया. इसके साथ फिल्म का कुल घरेलू कलेक्शन 269.39 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है. फिल्म धीरे-धीरे 300 करोड़ क्लब की ओर बढ़ रही है. वहीं, वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 'कुली' का कलेक्शन करीब 400 करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है.

## छुट्टी का फायदा नहीं मिला 'वॉर 2' को

14वें दिन-फिल्म 'वॉर 2' ने भारत ने 229.75 करोड़ नेट कमा लिए हैं. हालांकि अब फिल्म की डेली कमाई घटकर सिर्फ 2.50 करोड़ नेट रह गई है. फिल्म की कमाई अब घटती जा रही है. गणेश चतुर्थी की छुट्टी पर जहां रजनीकांत की फिल्म 'कुली' के कलेक्शन में उछाल देखने को मिला. तो दूसरी तरफ 'वॉर 2' के बिजनेस पर खास असर नहीं पड़ा. आयान मुखर्जी निर्देशित इस फिल्म को अपने 400 करोड़ बजट की भरपाई करने के लिए अभी लंबा सफर तय करना है.

## परम सुंदरी' की एडवांस बुकिंग रिपोर्ट?



तुषार जलोटा की ओर से निर्देशित इस फिल्म का ट्रेलर और गाने पहले ही चर्चा में आ चुके हैं. अब 26 अगस्त से शुरू हुई एडवांस बुकिंग को लेकर दर्शकों में उत्साह देखने को मिल रहा है. 27 अगस्त की रात 11 बजे तक 'परम सुंदरी' ने केवल पीवीआर, आईनॉक्स और सिनेपोलिस जैसी नेशनल चेन्स में 12 हजार से ज्यादा टिकट्स बेच डाले हैं. इस स्पीड को देख माना जा रहा है कि वीकेंड तक यह आंकड़ा बढ़कर करीब 40 हजार टिकट्स तक पहुंच सकता है.

## भावुक होगी अनुपमा



अनुपमा के आने वाले एपिसोड में दिखाया जाएगा कि अनुज के साथ बिताए गए पलों को याद कर अनु की आंखों में आंसू आ जाएंगे. अनु, प्रेम और राही को कृष्ण औ राधा के रूप में देखती है. अनु को याद आता है कि जब वह राधा बनी थी और अनुज-कृष्ण बने थे. अनु अपने बितों दिनों में चली जाती है. वह यादों में खोई रहती है तभी राही आती है और उसको बुरा भला कहती है. राही उसपर इल्जाम लगाती है कि उसने कभी भी अनुज से प्यार नहीं किया. वह कहती है कि अनु सिर्फ खुद से ही प्यार करती है. राही की बातें सुनकर वह चौंक जाती है.

# पायल रोहतगी ने आलिया पर किए बेहूदा कमेंट

**आलिया** भट्ट हाल ही उस वक्त भड़क गई थीं जब उनके अंडरकंस्ट्रक्शन बंगले की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए. एक्ट्रेस ने इस पर गुस्सा जाहिर करते हुए निजता का उल्लंघन बताया था. साथ ही अपील की थी कि उनके घर की तस्वीरें और वीडियो डिलीट कर दिए जाएं. इस पर पायल रोहतगी ने आलिया भट्ट पर ऐसा कमेंट किया कि फैंस ने उनकी ही छीछालेदर कर दी और जमकर लताड़ रहे हैं.

हाल ही आलिया और रणबीर कपूर के 250 करोड़ के 6 मंजिला बंगले का वीडियो वायरल हो गया था. यह बंगला अभी बन ही रहा है. वीडियो में बंगले का बाहरी हिस्सा नजर आ रहा था. आलिया ने जब सोशल मीडिया पर अपने नए बंगले की तस्वीरें और वीडियो देखे, तो वह भड़क गई थीं. उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक स्टेंटमेंट जारी कर नाराजगी जाहिर की थी. साथ ही सभी से अपील की थी कि उनकी प्राइवेसी का ख्याल किया जाए.




पायल रोहतगी ने आलिया के पोस्ट को री-शेयर किया और एक्ट्रेस को गलत बताया था. पायल ने कहा था कि यह प्राइवेसी का उल्लंघन नहीं है. उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी पर आलिया के लिए लिखा था, ये प्राइवेसी का उल्लंघन नहीं है, पर आपका आपके पति या किसी और मर्द के साथ सेक्शुअल एक्ट प्राइवेसी का उल्लंघन है. आलिया घर की लोकेशन शेयर करना प्राइवेसी का उल्लंघन नहीं है. उम्मीद है कि तुम्हें कॉमन सेंस मिले. इन्फ्लुएंसर्स सड़कों पर वीडियो बनाते हैं. उसमें बैकग्राउंड में घर होते हैं.

# राम चरण स्टारर पेड्डी के गाने की मैसूर में शुरू हुई शूटिंग

**ग्लोबल** स्टार राम चरण स्टारर पेड्डी के गाने की शूटिंग मैसूर में शुरू हो गयी है.

राम चरण अपनी पैन-इंडिया फिल्म पेड्डी को दमदार बनाने के लिए किसी तरह की कसर नहीं छोड़ रहे हैं. बुच्ची बाबू सना द्वारा निर्देशित इस फिल्म में राम चरण का अवतार जबरदस्त होने वाला है. अपने किरदार में अच्छी तरह से ढलने के लिए राम चरण पूरी मेहनत के साथ हर मुमकिन तैयारी कर रहे हैं.

मैथरी मूवी मेकर्स और सुकुमार राइटिंग्स की पेशकश फिल्म पेड्डी को वेंकटा सतीश किलारू की वृद्धि सिनेमाज़ द्वारा प्रोड्यूस किया गया है.



इस सब के बीच, टीम ने राम चरण संग मैसूर में एक ग्रैंड सॉन्ग की शूटिंग शुरू कर दी है, जिसे जाने माने कोरियोग्राफर जानी मास्टर कोरियोग्राफ कर रहे हैं. ए. आर. रहमान ने इस फिल्म में राम चरण के किरदार के इंट्रो के लिए एक जबरदस्त मास नंबर तैयार किया है. इस गाने की शूटिंग बड़े लेवल पर की जा रही है, जिसका अंदाज इस बात से लगाया जा सकता है कि इसमें 1000 से ज्यादा डांसर्स शामिल हैं. इस तरह से यह गाना दर्शकों के लिए किसी विजुअल ट्रीट से कम नहीं होने वाला. इस फिल्म में जाह्नवी कपूर मुख्य अभिनेत्री की भूमिका में नजर आने वाली हैं, जबकि कन्नड़ सुपरस्टार शिवा राजकुमार एक अहम भूमिका निभा रहे हैं.

वहीं अहम सपोर्टिंग कास्ट में जगपति बाबू और दिव्येंदु शर्मा का नाम शामिल है. यह फिल्म 27 मार्च, 2026 को रिलीज होगी.

# गोविंदा संग काम नहीं करना चाहती थीं माधुरी दीक्षित



**धक** धक गर्ल माधुरी दीक्षित फिल्म इंडस्ट्री पर कई साल से राज कर रही हैं. इन्होंने साल 1984 में हिरेन नाग की फिल्म अबोध से अपने करियर की शुरुआत की थी. जिसे सूरज बड़जात्या ने प्रोड्यूस किया था. वैसे तो तेजाब जैसी फिल्म के एक दो तीन गाने और उसके बाद आई कई फिल्मों से माधुरी लोगों के दिलों में बस चुकी थीं. लेकिन, जो जादू %हम आपके हैं कौन% ने चलाया था, उसके सामने तो सब फीका था.ये वो दौर था जब माधुरी की फिल्म लगातार बंद हो रही थी.उसके बावजूद फिल्म प्रोड्यूसर पहलाज निहलानी ने %आग ही आग और पाप की गुड़िया फिल्म का ऑफर दिया. लेकिन वो तब भी लगातार इन फिल्मों में काम करने को मना करती जा रही थी. रीजन सिर्फ एक ही था कि वो न्यूकमर के साथ काम नहीं करना चाहती थीं.

मैंने गोविंदा के साथ माधुरी को कास्ट किया था. लेकिन, उन्होंने नहीं की और बाद में नीलम को कास्ट किया गया.उन्होंने बताया है- मैं जब भी माधुरी के पास कोई फिल्म लेकर जाता था तो वह उसे रिजेक्ट कर देती थीं. मैं उनके पास गोविंदा की फिल्म इल्जाम लेकर गया, जिसको उन्होंने मना कर दिया. यही काम आग ही आग और पाप की दुनिया को लेकर किया और माधुरी ने उनका भी ऑफर ठुकारा दिया.कमाल की बात ये रही कि गोविंदा के साथ मेरी ये तीनों मूवीज सुपरहिट रहीं और दूसरी तरफ माधुरी की फ्लॉप मूवीज का सिलसिला जारी था. मुझे लगता है कि रिक्कू राकेश नाथ ही माधुरी को ये सलाह देते थे कि गोविंदा संग काम न करो, क्योंकि वह न्यू कमर्स है. ये मैं इसलिए कह रहा हूं कि क्योंकि मैंने रिक्की को माधुरी को मनाने की जिम्मेदारी थी.जो वह नहीं कर पाए.

## अनीत पड्डा ने साइन की अपनी दूसरी फिल्म

'**सैयारा**' फेम अनीत पड्डा जल्द एक और लव स्टोरी में नजर आएंगी. 'बैंड बाजा बारात' फेम डायरेक्टर मनीष शर्मा अनीत को लेकर एक रोमांटिक फिल्म बनाने वाले हैं. अनीत की इस फिल्म को यशराज फिल्म्स ही प्रोड्यूस करेगी. मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो अनीत को उनकी नई फिल्म के लिए कास्ट कर लिया गया है.निर्माता आदित्य चोपड़ा अहान पांडे और अनीत पड्डा के करियर को बारीकी से देख रहे हैं. सैयारा की सफलता के बाद, अनीत बेहतरीन अदाकारा बनकर उभरी है. ऐसे में आदित्य को लगा कि वह मनीष शर्मा की अगली लव स्टोरी ड्रामा के लिए एकदम परफेक्ट रहेंगी. रिपोर्ट में आगे दावा किया गया है कि इस अनिर्धारित फिल्म का प्री-प्रोडक्शन शुरू हो गया है. बैंड बाजा बारात के लिए मशहूर मनीष इस नई फिल्म के साथ निर्देशन में वापसी कर रहे हैं.रिपोर्ट में आगे कहा गया है, 'बैंड बाजा बारात' (2010) और 'शुद्ध देसी रोमांस' (2013) के साथ, मनीष ने दिखाया कि वह युवाओं की कहानियां कहने में माहिर हैं. उनकी नई फिल्म पंजाब पर आधारित है. मुख्य अभिनेता का चयन अभी बाकी है.

# 31 अगस्त को होगा 'पुष्पा 2 : द रूल' का प्रीमियर

**ब्लॉकबस्टर** फिल्म 'पुष्पा 2 = द रूल' का प्रीमियर अनमोल सिनेमा पर 31 अगस्त को होगा.

सुकुमार के निर्देशन में बनी फिल्म 'पुष्पा 2: द रूल' का प्रीमियर अनमोल सिनेमा पर 31 अगस्त को शाम 7 बजे होगा.इस फिल्म में अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना की अहम भूमिका है.

फिल्म के प्रीमियर के बारे में बात करते हुए रश्मिका मंदाना ने कहा, श्रीवल्ली का किरदार निभाना मेरे लिए बेहद खास अनुभव रहा है, क्योंकि उसमें एक शांत ताकत और गहराई है. पुष्पा 2 में वो पहले से कहीं ज़्यादा मुखर होती है.वह अब सिर्फ साथ निभाने वाली नहीं पत्नी नहीं है, बल्कि जब वक्त आता है, तो डटकर साथ खड़ी होती है. एक सीन में वो पुष्पा के लिए आवाज़ उठाती है, और वह पल न सिर्फ़ उनके रिश्ते का प्रतीक है, बल्कि उनकी अपनी सोच और हिम्मत की भी. यह बदलाव दिखाना मेरे लिए बहुत ही सशक्त और सच्चा अनुभव रहा.

निर्देशक सुकुमार ने कहा, , सिनेमा लोगों से कई स्तरों पर जुड़ता है, और टेलीविज़न उस अनुभव को उनके सबसे निजी स्पेस यानी घर तक लेकर आता है. यह फिल्म मेरे दिल के बेहद क़रीब है, जिसकी हर फ्रेम, हर जज़्बात, प्यार और जुनून से बुना गया है. मैं चाहता हूं कि लोग अपने परिवार के साथ बैठकर पुष्पा का यह सफर फिर से महसूस करें .एक्शन, इमोशन और ड्रामा को फिर से जीएँ, और उसे अपने घर में आराम से बैठकर खुलकर एन्जॉय करें.



# अक्षय ने पूरी की फिल्म तुलसी कुमारी की शूटिंग

**बॉलीवुड** अभिनेता अक्षय ओबेरॉय ने अपनी आने वाली फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी की शूटिंग पूरी कर ली है. शूट खत्म होने की पार्टी से एक दिल छू लेने वाला वीडियो सामने आया है, जिसमें पूरी टीम के बीच की खूबसूरत बॉन्डिंग नज़र आ रही है.वीडियो में अक्षय स्टाइलिश पार्टी लुक में अपने को-स्टार्स जाह्नवी कपूर, वरुण धवन, रोहित सराफ और बाकी टीम को गले लगाते दिख रहे हैं. माहौल हंसी, पॉजिटिव एनर्जी और इमोशनल लेकिन खुशी भरे विदाई पलों से भरा हुआ था, जब सबने मिलकर इस बड़े पड़ाव को सेलिब्रेट किया.

अक्षय ओबेरॉय ने कहा, सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी का हिस्सा बनना मेरे लिए बेहद खास और संतोषजनक अनुभव रहा. वरुण, जाह्नवी और रोहित जैसे टैलेंटेड कलाकारों के साथ स्क्रीन शेयर करना स्पेशल रहा. सेट पर मिला प्यार और ऊर्जा संक्रामक थी, और आखिरी दिन ने हमारी दोस्ती और बॉन्डिंग को और मजबूत कर दिया.

